**खरीदी शुरु** नवीन मंडी में शुरू हुआ मटर का व्यापार, किसानों का हुआ फूल-माला से स्वागत

# नई मंडी में पहले दिन चमका मटर



**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी बायपास के नजदीक ओरिया में लगभग 14 एकड़ में नवीन मटर मंडी में सोमवार से मटर की खरीदी शुरू हो गई है। पहले दिन ही नई मंडी में अच्छे रेट में मटर की चमक रही।

पहले दिन नई मंडी में पहुंचे किसानों से ही फीता काटा और मटर का पूजन- अर्चन किया कर मंडी का शुभारंभ किया। जिसके बाद किसानों का अधिकारियों और व्यापारियों ने स्वागत किया। नवीन मटर मंडी में भव्य प्रवेश द्वारा, कार्यालय, सीसी रोड, पानी, टीन शेड, सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत व्यवस्था पूरी कर ली गई है ।उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिले में से मटर का कारोबार दूसरे शहरों व राज्यों से होता आ रहा है। ओरिया में बनी मंडी से ना सिर्फ किसानों को बल्कि जबलपुर ही नहीं अपितु दूसरे शहरों व राज्यों से पहुंचने वालों व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

## अधिकारी रहे मौजूद, देखी व्यवस्थाएं

नवीन मटर मंडी में खरीदी शुरु होने पर एसडीएम अभिषेक सिंह,



सचिव आर के सैय्याम सहित अन्य अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर व्यापारी संगठन के पदाधिकारी एवं सभी अधिकारी- कर्मचारी और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### पहले दिन 45 से 60 रुपए तक बिका मटर


मंडी में पहले दिन ही सैकड़ों की संख्या में किसान मटर लेकर पहुंचे थे. व्यापारियों और किसानों ने बताया कि पहले दिन मटर का रेट 45 रुपए से 60 रूपये किलो तक बिका। जिसमें सबसे अच्छा मटर 60 रुपए किलो यानी 6000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।

### इनका कहना है




नई मंडी खुलने से हमें बहुत सुविधा हुई है। पहले दिन ही अच्छा रेट मिला, उम्मीद है आगे और बेहतर दाम मिलेंगे।

**नारायण सिंह पाटन ( किसान )**



नई मटर मंडी से व्यापार में गति आएगी। पहले दिन ही अच्छी क्वालिटी का मटर मिला और रेट भी स्थिर रहे।

**कृष्ण कुमार ( व्यापारी )**



मंडी की व्यवस्था काफी अच्छी है पानी, शेड और सड़क सब बढ़िया है। हमारे जैसे किसानों के लिए यह बड़ा सहारा साबित होगी।

**ब्रजेश सिंह लोधी बेलखेड़ा ( किसान )**



जबलपुर में बनी मंडी से बाहर के व्यापारियों को भी फायदा मिलेगा। यहां की व्यवस्था और भीड़ देखकर लगता है कि यह मंडी बड़े पैमाने पर सफल होगी।

**एचएसी पवन झांसी ( व्यापारी )**



# भक्ति भाव के साथ किया भगवान का अभिषेक

**गजरथ महोत्सव: सैकड़ों इन्द्र- इन्द्राणियों ने किया पूजन**

**नवभारत, जबलपुर।** आचार्य श्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक (पूर्व रूप) की क्रियायें हुई। जिसके उपरांत दिन भर धार्मिक क्रियायें चलती रहीं। पीत वस्त्रधारी इन्द्र-इन्द्राणि पूजन करने के लिए पंडाल में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। भगवान के पूजन में तन्मयता के साथ लग गये तथा भगवान का पूजन किया। गजरथ महोत्सव में शहर के अलावा आसपास के लिए लोग भी सम्मलित हुए। श्रावक श्रेष्ठी प्रभात जैन एवं तरुण काला (मुंबई) उपस्थित थे। प्रात: 7.30 बजे से पात्र शुद्धि, सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, नांदी विधान, मंगल कलश स्थापना, अभिषेक, शांतिधारा तथा नित्य महापूजन सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत भक्तों ने आचार्यश्री का पूजन अर्चन किया।द्वितीय चरण में भगवान का अभिषेक, शांति धारा,पूजन एवं याग मण्डल विधान आयोजित किया गया। रात्रि 8 बजे सौधर्म इंद्र के द्वारा सभा बुलाई गई, जिसमें गजरथ के सभी पात्रों ने तत्वचर्चा की। भगवान के गर्भ में आने के पूर्व के संकेतों के तहत् धनपति कुबेर द्वारा रत्नों की वृष्टी की गई एवं भगवान की माता मरुदेवी के सोलह स्वप्नों का मंचन हुआ एवं गर्भ कल्याणक की आंतरिक क्रियायें सम्पन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठान की क्रियायें बाल ब्रह्मचारी विनय भैया (बंडा) ने सम्पन्न कराई। आंशिक संचालन अमित पड़रिया ने किया।

**प्रति समय अनंत जीव राशी जन्म को प्राप्त हो रहे हैं**

आचार्य श्री ने उपस्थित श्रध्दालुओं को उपदेश देते हुए कहा कि प्रति समय अनंत जीव राशी जन्म को प्राप्त हो रहे हैं और अनंत जीव राशी मरण को प्राप्त हो रहे हैं। मरण को प्राप्त हुए बिना जन्म संभव नहीं है। इस जन्म की सार्थकता इसलिए नहीं है क्योंकि यह जीव अनादिकाल से यही जन्म मरण कर रहा है किन्तु आज एक जीव का अवतरण होना है।

## एक नजर में



### जीएस कॉलेज में प्री-पीएचडी कोर्सवर्क शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय में प्री-पीएचडी कोर्सवर्क का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्र शुक्ल ने शोध में तकनीक व परम्परागत ज्ञान के संतुलन पर जोर दिया। अध्यक्ष डॉ. नरेश चंद्र त्रिपाठी ने समर्पण और केंद्रित अध्ययन को आवश्यक बताया। डॉ. नन्दिनी भारिल्ल, डॉ. आशा शुक्ला और डॉ. संजय तिवारी ने शोध विषय चयन, नए शीर्षकों और नीति-निर्माण में शोध की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. सुनील देशपांडे, डॉ. शिव कुमार व्यास, डॉ. शक्ति प्रताभन और डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी सहित अनेक शोध निदेशक उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में सहयोग करने वाले शोधार्थियों को सम्मानित किया गया। संचालन सितिका पटेल व कु. अग्रिमा तिवारी ने किया।



### श्रीराम और साइंस कॉलेज क्वार्टर फाइनल में

**नवभारत, जबलपुर।** श्रीराम कॉलेज के तत्वोधान मे आयोजित स्व. जय सेन भगत चलित स्मृति ज़िला स्तरीये अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। दिन का पहला मैच श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स और गावटर्नमेंट कॉलेज बरगी के बीच था जिसमे श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स को यह मैच बाय मिला। दिन का दूसरा मैच गवर्नमेंट साइंस कॉलेज और गवर्नमेंट कॉलेज पानगर के बीच खेला गया। जिसमे गवर्नमेंट साइंस कॉलेज ने यह मैच आसानी से जीत लिया ।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह पावर टीआई मढ़ोताल थे। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन रामेंद्र करसोलिया,राजुल करसोलिया एवम श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के प्राचार्य भरत सोलंकी, डॉ रमेश शुक्ला ,जुगलकिशोर मेवारी ,संजय कुमार, श्रीराम कॉलेज के क्रीडाधिकारी हरविंदर सिंह और भानु सूर्यवंशी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका एंड्रयू पॉल और रामाराव ने निभाई ।



### सेवानिवृत्ति पर केएल वर्मा को दी विदाई

**नवभारत,जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र कंपनी के मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) कार्यालय में कार्यरत के.एल.वर्मा, मुख्य अभियंता, को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावभीन विदाई समारोह का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम कंपनी के प्रबंध संचालक द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें के.एल.वर्मा को उनके वर्षों के सेवा-काल के लिए सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर उन्हें शॉल श्रीफल और उपहार स्वरूप स्मृति चिन्हं भेंट कर सम्मानित किया गया ।समारोह में वक्ताओं ने के.एल.वर्मा की कार्यशैली, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें कंपनी की प्रेरक संपत्ति बताया। समारोह में कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) संपदा सराफ गुर्जर, मुख्य महाप्रबंधक (कार्य एवं आर.डी.एस.एस) संजय भागवतकर, मुख्य महाप्रबंधक (भंडार एवं क्रय) अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) संजय निगम, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, प्रमुख (कंप्यूटर पद्धित एवं संचलन) अरविंद सक्सेना, प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक (संचा./संधा.) अजय दुग्गड़ सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं सहकर्मी उपस्थित रहे ।

### विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी में । दिसंबर विश्व एड्स दिवस कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें संस्था से हेमंत सोलंकी ने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, इंजेक्शन एक ही सिरेंज से समूह में इस्तेमाल नही करना चाहिए। एड्स की जानकारी ही इसका बचाव है। काउंसलर श्वेता मिश्रा एवं डॉ सरकार द्वारा बताया कि एड्स पीडित व्यक्ति को हमेशा स्नेह करें उन्हें अपनापन दे जिससे वह मानसिक रूप से मजबूत बने रहें। इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, एक्यूप्रेशर चिकित्सक तापिकर, श्वेता मिश्रा, डॉ सरकार, नीरज रजक, शिवानी जाटव, अशोक ठाकुर, संतोष बर्मन आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

# मुल्क में शांति व सद्भाव से ही तरक्की संभव : मुफ्ती-ए-आज़म



**नवभारत,जबलपुर।** मुल्क में शांति और सद्भाव की नितांत आवश्यकता है, इन्हीं की बदौलत तरक़्क़ी का रास्ता खुलता है। यह बात मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी ने गढ़ा स्थित काज़ी मोहल्ला में आयोजित ग्यारहवीं शरीफ़ की सालाना नियाज़ के दौरान कही। यह महफ़िल हाजी तौसीफ़ रज़ा के निवास पर अकीदतमंदों की बड़ी तादाद में मौजूदगी के साथ सम्पन्न हुई। आयोजन का आग़ाज़ दरूद-ओ-सलाम से हुआ, जिसके बाद फ़ातिहा पेश की गई। मुल्क में अमन-ओ-चैन, मिल्लत की तरक़्क़ी और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए ख़ास दुआ की गई।

इस अवसर पर हाजी तैमूर रज़ा और तैय्युर रज़ा ख़ान ने नायब मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना जियाउल हक़ कादरी बुरहानी सहित हाजी असलम पहलवान, हाजी अब्दुल रहमान, हाजी मुईन ख़ान, रफ़ीक ख़ान, हाजी शकील, हाजी नज़र पहलवान, हाजी हन्नू पहलवान, हाजी निज़ामुद्दीन, मुबारक कादरी, सैय्यद क़ादिर अली कादरी, नवेद ख़ान, हाजी सलीम (बून इलेक्ट्रॉनिक्स), हाजी इमामुद्दीन और यूसुफ मंसूरी का इस्तक़बाल किया। महफ़िल में शहर और आसपास के इलाक़ों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में आयोजक हाजी तौसीफ़ रज़ा ने सभी मेहमानों और महफ़िल को सफल बनाने में सहयोग देने वालों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।



## वैद्यनाथन अय्यर संभागीय सलाहकार नियुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभाग के अध्यक्ष विपिन पीपरे के द्वारा प्रांतीय महामंत्री अजय दुबे की अनुशंसा पर वैद्यनाथन अय्यर को संभाग के सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री अजय दुबे, प्रांतीय सचिव सहदेव रजक एवं यांत्रिकीय प्रशासनिक अधिकारी राहुल गुप्ता की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।



## जरूरतमंदों को किया कंबल का वितरण

**नवभारत,जबलपुर।** मां नर्मदा के उमाघाट तट पर सांकरी सेवा संगठन के द्वारा जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया गया । क्लब की फाउंडर अमिता स्वामी ने बताया कि जरूरतमंदों को समय-समय पर इसी तरह से कुछ ना कुछ सामग्री सभी सदस्यों के द्वारा वितरित करते रहेंगे। इस आयोजन में मुस्कान, काजल , शिफा, जसप्रीत, स्वाति, हिना, वंदना के साथ सभी सदस्यों का सहयोग रहा ।

# अपनी लेखनी को सार्थक दिशा देने का किया आह्वान

**मसीही लेखक संघ की रजत जयंती सम्पन्न**




**नवभारत, जबलपुर।** मसीही लेखक संघ मध्यप्रदेश, जबलपुर की रजत जयंती का समापन समारोह भव्यता से आयोजित हुआ। दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना नृत्य के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त बिशप जेराल्ड अलमेडा ने लेखकों से समाज की उन्नति के लिए अपनी लेखनी को सार्थक दिशा देने का आह्वान किया। समारोह में वरिष्ठ पुरोहित डॉ. फादर डेविस जॉर्ज को अमृत महोत्सव के अवसर पर सम्मानित किया गया। वहीं स्व. लोरेन बी. लोबो और स्व. अरविंद एंड्रूज को मरणोपरांत लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया। समाज के गौरव माने जाने वाले फ्रांसिस जेवियर, डॉमिनिक नाजरेथ, एलेक्जेंडर दास, फ्रांसिस जोसफ, डॉ. राकेश तिर्की, डॉ. पंकज मार्टिन, सुश्री रुबीना फ्रांसिस और नीलेश मसीह को भी सम्मानित किया गया।

संयोजक फ्रांसिस जोसफ ने संघ की 25 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। विभिन्न चर्चों के गायन दलों द्वारा प्रस्तुत कैरल गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 16 नवम्बर को आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कार वितरित हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय मैथ्यूस ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मनीष चार्ल्स ने दिया। आयोजन में विजय मराबी, रेव. पी. बी. लाल, डॉ. कैरोलिन अब्राहम, ट्रीजा रोड्रिग्स, आइरिन रेचल सहित अनेक सदस्यों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# दर्शन ने मुंबई संगोष्ठी में राम भजन से बांधा समा

**विदेशों में भी फैलाई रामकथा की अलौकिक गूँज**



**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी एवं संत ज़ेवियर कॉलेज, मुंबई द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'सृजनात्मक लेखन' संगोष्ठी में जबलपुर के इंजी. डॉ. दुर्गेश ब्यौहार 'दर्शन' ने विशिष्ट अतिथि, मुख्य अतिथि तथा सत्राध्यक्ष के रूप में प्रभावशाली भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी पद्ध पुस्तक 'रामायण भजनावलि' से रामचरितमानस मंगलकारी है, इक शबरी रहा करती थी, जागो रे बजरंगबली आदि भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। साथ ही देशभक्ति, सर्वधर्म समभाव, लोक एवं हास्य गीतों सहित फ़िल्मी गीत और ग़ज़लें भी प्रस्तुत कीं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। हाल ही में वे नागपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर तथा श्रीलंका में एक सप्ताह तक रामायण एवं राम भजन प्रस्तुत कर सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर चुके हैं।



## ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद से लिया आशीर्वाद

**नवभारत, जबलपुर।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के निज सचिव ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद के जन्मदिवस पर पहुंचे पंडित गजेन्द्र दुबे शास्त्री ने सपत्नीक आशीर्वाद प्राप्त किया।




## दुनिया का अनमोल खजाना माँ ही है

**नवभारत, जबलपुर।** दुनिया का अनमोल खजाना माँ ही है, तमन्नाओं का ताना-बाना माँ ही है..उक्त कविताएं वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी में डॉक्टर राजेश ठाकुर नैनपुर एवं मदन श्रीवास्तव के काव्य पटल के लोकार्पण अवसर पर प्रस्तुत की गईं। जिसमें कांकेर से मुख्य अतिथि डॉक्टर गीता शर्मा विख्यात ज्योतिषी, सारस्वत अतिथि डॉक्टर सुधीर तिवारी अध्यक्षता आचार्य संजीव वर्मा सलिल द्वारा की गई। डॉ गीता शर्मा ने कहा कि जिनके कुंडली में बुद्ध प्रबल और गुरु की दृष्टि होती है वह एक अच्छे साहित्यकार बनते हैं डॉक्टर सुधीर तिवारी ने वर्तिका की काव्य पटेल एवं गोष्ठी की परंपरा की सराहना करते हुए अपने साहित्यिक संस्मरण सभी से साझा किये । अध्यक्ष संजीव वर्मा ने लेखन की विभिन्न विधाओं का उल्लेख करते हुए उच्चारण विधि के महत्व को प्रकाशित किया। मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने वर्तिका के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। संयोजक विजय नेमा ने वर्तिका के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर संतोष नेमा, तरुण खरे, रजनी कोठारी, प्रतिमा अखिलेश श्रीवास्तव, महेश स्थापक, सुशील श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला,सुनील तोमर, विजेंद्र उपाध्याय नारायण तिवारी अनिल गोल्हानी, प्रीति नामदेव, मोहम्मद अशरफ, यूनुस अदीब, रामप्रवेश निराला, नीता दिवाकर शर्मा, हरीश मिश्रा,ज्योति मिश्रा,संतोष उपाध्याय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**आयोजन** गीता जयंती महोत्सव, संभाग स्तरीय आयोजन में छात्रों का अद्भुत उत्साह

# 6000 विद्यार्थियों ने एक साथ किया गीता पाठ



**नवभारत, जबलपुर।** पंडित लज्जाशंकर झा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मॉडल स्कूल) जबलपुर में 1 दिसंबर 2025 को गीता जयंती महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती एवं श्रीमद्भगवद्गीता के पूजन से हुआ। अतिथियों का स्वागत तिलक, शॉल, श्रीफल एवं तुलसी पौधा भेंटकर किया गया। जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज ने गीता के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए नियमित गीता पाठ को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 6000 विद्यार्थियों ने एक साथ सस्वर गीता के 15वें अध्याय का पाठ किया। संस्कृत विद्यालयों के बालबटुकों ने नेतृत्व करते हुए आयोजन को विशेष ऊर्जा प्रदान की।

### जनप्रतिनिधियों व विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति

महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में आयुक्त धनंजय सिंह भदौरिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक प्रमुख नागेन्द्रजी शामिल रहे।

### अधिकारियों की सहभागिता से कार्यक्रम बना विशेष

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गौड़, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरुण कुमार इंग्ले सहित अनेक अधिकारी एवं संस्कृत भारती के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन केके चौबे और विजय तिवारी ने किया।